तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज मु.न.67/2022 अनवान पूनाराम बनाम भगवानाराम इत्यादि	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11.[illegible].2023	पत्रावली वकील रेस्पोडेंट द्वारा दिनांक 09.02.2023 को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र बाबत अपील पत्रावली को राष्ट्रीय लोक अदालत में रखकर अंतिम निस्तारण करने पर आज राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायालय हाजा में पेश हुई। वकील अपीलांट एवं रेस्पोडेंट्स अधिवक्ता उपस्थित। उभय पक्ष के अधिवक्तागण द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र वास्ते पत्रावली को लोक अदालत में रखकर राजीनामे अनुसार निस्तारित करने बाबत पेश कर निवेदन किया गया कि अपील में अपीलांट व रेस्पोडेंट के मध्य राजीनामा लिखित में हो गया है तथा अपीलांट पूनाराम व उनकी बहने रेस्पोडेंट झमकू वगैरह ने वादग्रस्त भूमि के संबंध में लिखित में पूर्व में ही राजीनामा कर लिया है। अब वादग्रस्त भूमि के संबंध में अपीलांट व रेस्पोडेंट के मध्य कोई विवाद शेष नहीं है। अतः अपील को राजीनामा अनुसार लोक अदालत की भावना से जरिये विड्रो खारिज फरमाया जावे। उभय पक्ष के अधिवक्तागण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। उभय पक्ष के अधिवक्ता गण ने संयुक्त हस्ताक्षरित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि हस्तगत मामले में उभय पक्ष में राजीनामा हो चुका है तथा वर्तमान में वादग्रस्त भूमि के संबंध में कोई विवाद नहीं है। लिहाजा लोक अदालत की भावना से उभय पक्ष की सहमति के मद्देनजर अपील अपीलांट जरिये विड्रो खारिज की जाती है। अधीनस्थ न्यायालय को आदेश प्रति सूचनार्थ भिजवायी जावें। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। राजस्व अपील प्राधिकारी जोधपुर	11/2/23 11/2/23